हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 25 अक्टूबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नपा और यातायात पुलिस ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान



09 कैसे मिलेगा जनविश्वासः 40 साल से मिट्टी के घरोंदे में तीन बेटियों...



प्रदर्शन: पुलिस ने तीन जगह रोकने का किया प्रयास, वाटर कैनन का भी उपयोग

आरक्षण के नियमों के खिलाफ प्रदर्शन, पुलिस से झूमाझपटी, एससी-एसटी एक्ट में बदलाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शनिवार को सर्व समाज एकता मंच के आह्वान पर यूजीसी के नए नियमों, आरक्षण व्यवस्था और एससी-एसटी एक्ट में संशोधन की मांग को लेकर बाजार बंद रहा।

पीतल मिल, रामलीला क्षेत्र, मुख्य बाजार की दुकानें पूरी तरह बंद दिखीं। सर्व समाज द्वारा ज्ञापन देने से पहले माधवगंज से कलेक्ट्रेट रैली निकाली गई। तिलक चौक, देवी के बाग और स्वामी विवेकानंद चौराहे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। दो बैरीकेटिंग तोड़कर प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट तक पहुंच गए। यहां पुलिस ने वाटर कैनन का उपयोग कर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग पार कर कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से आर्थिक आधार पर आरक्षण देने, मौजूदा आरक्षण व्यवस्था में बदलाव करने, एससी-एसटी एक्ट में संशोधन और सवर्ण आयोग के गठन की मांग रखी। उन्होंने यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सरकारी योजनाओं का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था में ऐसे बदलाव की मांग की। जिससे एक ही परिवार को बार-बार लाभ मिलने के बजाय अन्य जरूरतमंद परिवारों को भी अवसर मिल सके।



विदिशा। प्रदर्शन के दौरान बैरीकेट्स हटाने को लेकर हुई झूमाझटकी।

एससी-एसटी एक्ट में संशोधन की मांग



सर्व समाज एकता मंच के सदस्यों ने एससी-एसटी एक्ट में संशोधन की मांग भी उठाई। उनका आरोप था कि कानून के दुरुपयोग को रोकने और निर्दोष लोगों को परेशानी से बचाने के लिए उचित व्यवस्था होनी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कानून से जुड़े मामलों में कथित फर्जी शिकायतों और आर्थिक सहायता के प्रावधानों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा- सरकार को कानून और नीतियों की समीक्षा करनी चाहिए। ताकि विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच असंतोष की स्थिति न बने।

मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन बढ़ाएंगेः शर्मा



सपाक्स के जिला सचिव परवेंद्र शर्मा ने कह कि सर्व समाज एकता मंच के माध्यम से आरक्षण व्यवस्था में सुधार, एससी-एसटी एक्ट में संशोधन और यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने की मांग की गई है। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देने जा रहे थे। लेकिन उन्हें रास्ते में रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस ने वाटर कैनन का भी उपयोग किया। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को देशभर में आगे बढ़ाया जाएगा। इस प्रदर्शन को व्यापार महासंघ का पूर्ण सहयोग मिला।

सवर्ण आयोग गठन की मांग



प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी के नए नियमों को वापस लेने और सवर्ण आयोग का गठन करने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि आरक्षण, कानून और शैक्षणिक नियमों से जुड़े फैसले लेते समय सभी वर्गों के हितों और सामाजिक समरसता का ध्यान रखा जाना चाहिए।

'आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्राथमिकता मिले'

पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने कहा कि सर्व समाज के साथ मिलकर आर्थिक आधार पर आरक्षण देने और जाति आधारित आरक्षण व्यवस्था में बदलाव की मांग की गई है। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए, चाहे वे किसी भी समाज से हों। शशांक भार्गव ने कहा कि सरकार किसी भी दल की हो। यदि कोई नीति आम जनता के हित में नहीं है तो उसका विरोध होना चाहिए। उन्होंने कानून बनाते समय आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए व्यवस्था में सुधार की जरूरत बताई।

ग्यारसपुर-त्योंदा में आरटीओ की कार्रवाई

21 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 9 वाहनों पर 75 हजार जुर्माना स्कूल बसों की सुरक्षा भी जांची



विदिशा। नियम विरुद्ध संचालित वाहनों पर कार्रवाई करते आरटीओ वर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने शनिवार को सागर रोड, ग्यारसपुर और त्योंदा में वाहनों की जांच की।

नियमों का उल्लंघन कर चल रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया। सड़क पर आरटीओ अधिकारी को खड़ा देख वाहन संचालकों में हड़कंप मच गया। आरटीओ अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान नियम विरुद्ध चल रहे 21 वाहनों से पर कार्रवाई की गई। इनमें से 9 वाहनों से 75 हजार जुर्माना वसूला गया।

जबकि अन्य वाहनों से जुर्माना वसूली की कार्रवाई की जा रही है। जब्त वाहनों को पुलिस थाना ग्यारसपुर, पुलिस थाना त्योंदा और परिवहन कार्यालय विदिशा में रखा गया है। जब्त वाहनों के प्रकरणों के निराकरण से करीब दो लाख रुपए का राजस्व प्राप्त होने की संभावना जताई गई है।

स्कूल बसों और भारी वाहनों की भी जांच

अभियान के दौरान स्कूल बसों में निर्धारित सुरक्षा मानकों की जांच की गई। साथ ही सड़क निर्माण कार्य में लगे भारवाही वाहनों और जेसीबी मशीनों की भी पड़ताल की गई, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।पिछले दिन भी हुई थी कार्रवाई,उल्लेखनीय है कि 23 अक्टूबर को ग्यारसपुर रोड पर नियम विरुद्ध संचालित पाए गए चार वाहनों को जब्त किया गया था। इन वाहनों के प्रकरणों के निराकरण के बाद 73,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया था। परिवहन विभाग की लगातार हो रही कार्रवाई से स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर विभाग सख्ती बरत रहा है।

खबर संक्षेप

आज निकलेगा शालेय विद्यार्थी पथ संचलन

विदिशा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शालेय विद्यार्थी कार्य के तत्वावधान में भव्य शालेय विद्यार्थी पथ संचलन निकाला जाएगा। यह संचलन आज रविवार को शाम 4 बजे सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से प्रारंभ होगा। संघ के 101 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकाले जा रहे इस संचलन में नगर के कक्षा 1 से 12 तक के सैकड़ों विद्यार्थी पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करेंगे। संचलन सरस्वती शिशु मंदिर तलैया से प्रारंभ होकर बंदा बैरागी मार्ग, रीटाफाटक चौराह, बजरिया, लोहा बाजार, बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा, कोतवाली, दुर्गा चौक से होते हुए पुनः सरस्वती शिशु मंदिर पर समाप्त होगा।

अभिलेखों के पंजीयन के लिए विशेष शिविर आज

विदिशा। स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन के लिए जिले में आज से एक सप्ताह का विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के पंजीयन की प्रक्रिया को गति देते हुए निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए पटवारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पंचायत समन्वयक अधिकारी एवं सहायक विकास विस्तार अधिकारी पंजीयन अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। एक सप्ताह में 60 से 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है।

कटौती से परेशान किसानों ने दिया ज्ञापन

अहमदपुर। बिजली कटौती से परेशान किसानों ने शनिवार को एई गोपाल मसराम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समस्याएं रखकर आठ दिन का अल्टीमेट दिया गया है। किसानों ने 8 दिन में कटौती की समस्या हल नहीं होने पर बड़ा आंदोलन और चक्काजाम की चेतावनी भी दी है। किसानों ने बताया कि समय पर बिजली न मिलने के कारण खेती के कार्य पिछड़ रहे हैं। इस दौरान किसान दातार सिंह दांगी, शैतान सिंह दांगी, भारत सिंह दांगी, अरुण सिंह दांगी, सादिक खान, हाकम लोधी, शिवम ठाकुर, गोरेलाल साहू, अमन कुशवाह सहित किसान मौजूद रहे।

अवैध हथियारों के परिवहन मामले में आरोपी को 3 साल का कठोर कारावास

आरोपी गुलगुफरान शाह पर न्यायालय ने लगाया 7 हजार का जुर्माना
भोपाल में पिस्टल लेकर खड़े आरोपी को भी किया गया था गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- कालाशाह के अलावा अन्य आरोपी अभी फरार।

अवैध हथियारों के परिवहन के मामले में न्यायालय ने आरोपी गुलगुफरान शाह उर्फ कालाशाह को तीन वर्ष के कठोर कारावास और कुल 7 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिशा के न्यायालय में सुनाया गया। प्रकरण में पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी गार्गी झा ने की। अभियोजन के अनुसार 30 मार्च 2019 को ग्यारसपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति भोपाल से सागर की ओर अवैध हथियार लेकर जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। तलाशी में उनके पास से देशी पिस्टल, देशी कट्टा, आठ धारदार तलवारें और जिंदा कारतूस बरामद हुए। हथियारों के वैध लाइसेंस नहीं मिलने पर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी गुलगुफरान शाह उर्फ कालाशाह के भोपाल में पिस्टल लेकर खड़े होने की जानकारी दी थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच और ग्यारसपुर पुलिस ने उसे भी पकड़ा। न्यायालय ने आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपी को सजा सुनाई।

उत्कृष्ट स्कूल में निरक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा हुई

विदिशा। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शनिवार को उत्कृष्ट स्कूल में निरक्षरों और व्यस्कों की परीक्षा कराई गई। परीक्षा का उद्देश्य निरक्षर वयस्कों को साक्षरता से जोड़ना तथा उन्हें पढ़ने-लिखने और सामान्य गणितीय गणनाओं में सक्षम बनाने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। परीक्षा में ऐसे अभिभावक शामिल हुए, जो अभी तक बुनियादी साक्षरता प्राप्त नहीं कर सके हैं। विद्यालय के अकादमिक प्रभारी विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि संकुल केंद्र पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्राप्त प्रश्नपत्रों के माध्यम से परीक्षा संपन्न कराई गई।

संडे खराब करेगी बिजली कटौतीः कई इलाकों में बिजली मेंटेनेंस के चलते कहीं 4 तो कहीं डेढ़ घंटे नहीं रहेगी लाइट

ड्यूटी करने वाले महिला पुरुष कर्मचारियों को काम निपटाने मिलता है सिर्फ रविवार उसी दिन बिजली कटौती करने से अटक जाते हैं जरुरी काम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में रविवार 25 अक्टूबर को बिजली कंपनी के मेंटेनेंस कार्य के चलते कई इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। आरडीएसएस योजना के तहत नए बिजली पोल लगाने, कंडक्टर की क्षमता बढ़ाने और नया ट्रांसफार्मर लगाने का काम किया जाएगा। इसके लिए दो फीडरों पर अलग-अलग समय में शटडाउन लिया जाएगा। इधर कर्मचारियों और महिलाओं का कहना है कि घर के अतिरिक्त कार्य रविवार को ही किए जाते हैं और इसी दिन बिजली कंपनी वाली कटौती करते हैं जिससे कई काम अटक जाते हैं।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक इन क्षेत्रों में कटौती

टीलाखेड़ी उपकेंद्र के न्यू जज कॉलोनी फीडर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान साईं फॉर्च्यून, हाउसिंग बोर्ड, द्वारकापुरी, मेन रोड टीलाखेड़ी, आरएमपी नगर फेज-1, 2 और 3, गोदावरी ग्रीन, बालाजी आर्किड, बालाजीपुरम, टीलाखेड़ी, न्यू जज आवास, विदिशा-भोपाल बायपास क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

दोपहर 2 से 3:30 तक इन क्षेत्रों में शटडाउन

अहमदपुर रोड उपकेंद्र के एमपीईबी कॉलोनी फीडर पर दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक बिजली बंद रहेगी। एसएटीआई कॉलेज गेट के पास नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इस दौरान सिविल लाइन, शेरपुरा, रामसहाय कॉलोनी, दुर्गानगर चौराह, विजय नगर, एकता कॉलोनी, अहमदपुर रोड, विद्याविहार कॉलोनी और अयाप्पा मंदिर क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

फेसलेस आयकर प्रणाली में राहत की मांग, व्यापार महासंघ ने उठाईं समस्याएं

प्रधान आयकर आयुक्त सृजनी मोहंती का आगमन
पेनल्टी, गलत फॉर्म भरने पर राहत देने की मांग की



विदिशा। विदिशा आगमन पर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने किया स्वागत।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मध्यप्रदेश की प्रधान आयकर आयुक्त सृजनी मोहंती के पहली बार विदिशा आगमन पर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान व्यापारियों ने आयकर संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने पेनल्टी, फॉर्म, नोटिस और फेसलेस स्कीम में आ रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। महामंत्री नरेंद्र सोनी ने मांग की कि स्थानीय व्यापारिक परिस्थितियों को समझते हुए आयकर मामलों की सुनवाई स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से कराई जाए। उन्होंने कहा कि विदिशा कृषि प्रधान जिला है, जहां कई व्यापारी आज भी बहीखातों से काम करते हैं। ऐसे में फॉर्म-3 और फॉर्म-4 भरने में अनजाने में हुई गलती पर पेनल्टी के बजाय सुधार का अवसर मिलना चाहिए। महासंघ ने व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, अधिवक्ताओं और आयकर अधिकारियों की बैठक हर साल अप्रैल में आयोजित करने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम में सुरेश मोतियानी, नरेंद्र सोनी, हरीश वाधवानी, आशीष माहेश्वरी, राजकुमार अग्रवाल, आयकर अधिकारी पवन कुमार, एडवोकेट राघवजी भाई और सीए विकास जैन सहित व्यापारी मौजूद रहे।

पुरागोसाईं में जांच करने पहुंचा आबकारी विभाग का अमला

आबकारी उप निरीक्षक संजय इवने को ग्राम पुरागोसाईं में गश्त करने के निर्देश

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत एसपी से पुरा गोसाईं में महिलाओं द्वारा गांव में अवैध शराब की बिक्री की शिकायत किए जाने के बाद आबकारी विभाग के अधिकारियों को शिकायत की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग का दल पुरागोसाईं गांव पहुंचा। आबकारी विभाग की टीम द्वारा महिलाओं की



मौजूदगी में संतोष आदिवासी, महेश आदिवासी एवं जगन्नाथ मीणा के घरों की तलाशी ली गई। हालांकि तलाशी के दौरान अवैध शराब नहीं मिली। जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं थे। ग्रामीण महिलाओं द्वारा अवैध रूप से शराब विक्रय किए जाने की शिकायत पर आबकारी विभाग द्वारा निगरानी और गश्त बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आबकारी उप निरीक्षक संजय इवने को ग्राम पुरा गोसाईं में प्रतिदिन गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन पर नजर रखी जा सके।

नहर के ऊपर बनी जमालदी गांव की पुलिया कई महीनों से टूटी पड़ी, कभी भी हो सकता है हादसा

विदिशा। ढोलखेड़ी चौराह से निकली नहर पर जमालदी गांव जाने के लिए बनी पुलिया कई महीनों से छतिग्रस्त पड़ी है। पुलिया टूटने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यह नहर जीवाजीपुर, पलोह, गजार मूडरा होती हुई खेरुआ हाट तक है। खामखेड़ा गांव के पहले जमालदी गांव जाने वाली पलिया कई महीनो से क्षतिग्रस्त है, जो अनहोनी को दावत देती है। हालांकि पुलिया क्षतिग्रस्त होने की जानकारी सिंचाई विभाग के अधिकारियों को होने के के बावजूद सुधार नहीं कराया जा रहा।



संत रविदास की 650वीं जयंती पर ऑडिटोरियम में युवा संवाद

वक्ता बोलेः सृष्टिकर्ता की दृष्टि में सब समान हैं और जाति-संप्रदाय का कोई भेद नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को ऑडिटोरियम में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय विभाग सह संघचालक रमाकांतजी, मुख्य वक्ता प्रांत घुमंतू कार्य प्रमुख लखनजी उपस्थित रहे। संघ का मुख्य उद्देश्य संत रविदास के जीवन, तपस्या, त्याग और संदेशों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर करना और समरसता को मजबूत करना है। संत रविदास की 650वीं जयंती पर वक्तव्य दिया कि संत परंपरा ने समाज में भक्ति का जागरण करने



विदिशा। ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया युवा संवाद कार्यक्रम।

- मुख्य वक्ता प्रांत घुमंतू कार्य प्रमुख लखनजी उपस्थित रहे।

के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों और भेदभाव का उन्मूलन किया। सृष्टिकर्ता की दृष्टि में सब समान हैं और जाति-संप्रदाय का कोई भेद नहीं होता। संत रविदास ने धर्म का अर्थ समाज को जोड़ना और प्रगति करना बताया था। संत शिरोमणि रविदास (रैदास) भारत के महान संत, कवि और समाज सुधारक थे, जिन्होंने 15वीं-16वीं शताब्दी के दौरान भक्ति आंदोलन का नेतृत्व किया। उन्होंने समाज में फैली जातिगत व्यवस्था, छुआछूत और अंधविश्वास का कड़ा विरोध करते हुए मानवता और प्रेम का संदेश दिया। उनका जन्म वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर में हुआ था। वह आजीविका के लिए जूते बनाने का कार्य करते थे, जिसे उन्होंने पूरे स्वाभिमान के साथ अपनाया। उनका सबसे प्रसिद्ध कथन है मन चंगा तो कठौती में गंगा। इसका अर्थ है कि यदि आपका मन पवित्र है तो आपके हृदय में ही साक्षात ईश्वर का वास है; इसके लिए किसी बाहरी आडंबर या तीर्थ यात्रा की आवश्यकता नहीं है।

खबर संक्षेप

पंचतत्व अध्यक्ष सुरेन्द्र दांगी की पत्नी का निधन



गंजबासौदा। पंचतत्व समिति सदस्य सुरेंद्र सिंह दांगी किसनोदा कुल्हार वालों की पत्नी लक्ष्मी दांगी एवं रुचि, निधि की माँ, नरेंद्र, जितेंद्र, बृजेन्द्र,धर्मेंद्र, देवेंद्र की भाभी, उपेंद्र, शुभम, विवेक, स्वाति, अपूर्वा, अंशुल, लखन, अन्वी की ताई का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 10.30 बजे निज निवास अयोध्या नगर कालाबाग से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर अंतिम विदाई और दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

नाले का निर्माण शुरु



गंजबासौदा। पचमा बायपास मार्ग पर लंबे समय से नाले का निर्माण कार्य अधूरा था। जिसके कारण सही ढंग से नाले की साफ, सफाई नहीं हो पाती थी तथा रहवासियों को मच्छरों और नाले से उठती दुर्गन्ध से परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नाला निर्माण की मांग वार्डवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष से की थी। जिसके बाद वार्डवासियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए हुए शनिवार से नाले का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। पुराने नाले को तोड़ने के दौरान वार्ड के कुछ रहवासियों ने नपा एवं ठेकेदार का सहयोग करते हुए नाले पर बने पक्के, कच्चे निर्माण को मजदूरों की सहायता से हटा लिया गया। लेकिन कुछ दुकानदार और रहवासी पुराने नाले को तोड़ने और घर के बाहर बने निर्माण को हटाने का विरोध करने लगे, जागरुक नागरिकों और ठेकेदार द्वारा रहवासियों को समझाईश दी गई, जब वह नहीं माने तो जेसीबी मशीन को निर्माण को तोड़ने को बुलाया गया। जिसके बाद विरोध कर रहे नागरिकों ने स्वयं पक्के, कच्चे निर्माण को हटा लिया। पुराने नाले को तोड़ने का कार्य शुरु कर दिया गया है, शीघ्र साफ, सफाई के बाद सीसी नाले का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जाएगा।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नाबालिग को बहलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है एवं पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया है और पीड़िता को प्रतिकर राशि देने के आदेश दिए हैं। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एवं विशेष लोक अभियोजक दिनेश कुमार असैया के अनुसार प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं विशेष पॉक्सो न्यायाधीश राकेश कुमार ठाकुर ने फैसला सुनाया। अभियोजन के मुताबिक, फरियादी ने 11 जून 2023 को शमशाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जून की रात परिवार के सदस्य और रिश्तेदार आंगन में सोए थे। सुबह करीब 6 बजे फरियादी को नाबालिग बेटी नहीं मिली, तलाश के बाद भी पता नहीं चलने पर बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताई गई। पीड़िता के दस्तयाब होने के बाद उसके बयान दर्ज किए गए। पुलिस ने मामला न्यायालय में पेश किया। जहां प्रस्तुत साक्ष्यों और अभियोजन के तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपित को पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(एल)/6 के तहत दोषसिद्ध कर सजा सुनाई। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन एसआई प्रकाश भिलाला एवं पूजा घुरैया ने की।

सड़क किनारे सब्जी, फल, हाथठेला लगाने वालों को दी समझाइश

नपा और यातायात पुलिस ने चलाया अतिक्रमण विरोधी अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





नगर में शनिवार को नगर पालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और पैदल यात्रियों को सुविधा देने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने मुख्य मार्गों पर सड़क किनारे लगे अतिक्रमण को हटवाया और कई दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई भी की। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने दुकानदारों को दोनों साइड के फुटपाथ खाली करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि फुटपाथ पैदल चलने वालों के लिए है, उस पर सामान रखकर अतिक्रमण करना नियमों का उल्लंघन है। साथ ही सड़क पर खड़े होने वाले ठेले वालों को भी पीछे हटने और व्यवस्थित रूप से ठेला लगाने की समझाईश दी गई। अधिकारियों ने कहा कि बेतरतीब तरीके से खड़े ठेलों से जाम की स्थिति बनती है और आम लोगों को परेशानी होती है। यह कार्रवाई विशेष रूप से जयस्तंभ चौराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक के मुख्य मार्ग पर की गई। इस मार्ग पर सबसे अधिक अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। दुकानों के बाहर तक सामान रखे होने से सड़क संकरी हो जाती है, जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। टीम ने एक-एक दुकान पर जाकर दुकानदारों को समझाइश दी और भविष्य में फुटपाथ पर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पहले चरण में समझाइश दी जा रही है, लेकिन बार-बार अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब आगामी समय में सख्त चालानी कार्रवाई और सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने भी नागरिकों से अपील की है कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें। कार्रवाई में नपा और यातायात पुलिस अमला मौजूद रहा।

तीन दिनों तक कृषि उपज मंडी में नहीं होगा नीलामी कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कृषि उपज मंडी में लगातार 3 दिनों तक डाक नीलामी बंद रहेगी। मंडी समिति के मुताबिक 24, 25 और 26 अक्टूबर को अवकाश के कारण मंडी में नीलामी एवं अन्य कार्य नहीं होगा। ऐसे में किसानों को इन तारीखों में अपनी उपज बेचने के लिए मंडी नहीं लाने की सलाह दी गई है। मंडी समिति के अनुसार 24 अक्टूबर को महीने का चौथा शनिवार, 25 अक्टूबर को रविवार और 26 अक्टूबर सोमवार को वाल्मीकि जयंती होने के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। तीन दिन लगातार कामकाज बंद रहने से उपज की खरीद-बिक्री भी नहीं हो सकेगी। कृषि उपज मंडी समिति ने किसानों से अपील की है कि वह अवकाश के दिनों में अपनी फसल लेकर मंडी न आएं। यदि कोई किसान इन दिनों उपज लेकर पहुंचता है, तो उसे मंगलवार तक मंडी में ही इंतजार करना पड़ सकता है। अवकाश के कारण किसानों को परेशानी न हो, इसके लिए मंडी समिति ने मुनादी कराकर किसानों, व्यापारियों और हम्मालों को तीन दिन के अवकाश की जानकारी दी।

राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में हुआ प्रत्युष मिश्रा का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

डाल्फिन विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र प्रत्युष मिश्रा का चयन राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 से 31 अक्टूबर तक पन्ना में आयोजित होगी। जिसमें प्रत्युष भोपाल संभाग की टीम से सहभागिता करेंगे। पूर्व में आयोजित शतरंज एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भी राज्य स्तर पर 10 छात्र छात्राओं का चयन हुआ है। जिसमें पीहू रघुवंशी ने डिस्कस थ्रो में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। विद्यार्थियों की सफलता पर प्राचार्य संदीप जेटली सहित विद्यालय परिवार ने खेल प्रशिक्षक गौरव भारद्वाज एवं विजय शर्मा को बधाई देते हुए प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

कार्रवाई की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ब्राह्मण समाज के युवा व्यवसायी एवं पत्रकार अनुज शर्मा के वाहन में अज्ञात लोगों द्वारा की गई तोड़फोड़ के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में शनिवार को ब्राह्मण समाज ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के नाम एसडीओपी शिखा भलावी को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि विगत 20 अक्टूबर की रात्रि में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने अनुज शर्मा के वाहन में तोड़फोड़ की। इससे न केवल आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि शहर की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। समाज ने ज्ञापन में प्रमुख मांगे रखीहै कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपितों की शीघ्र पहचान की जाए, दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए। शहर में असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण कर आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव स्थापित किया जाए। ब्राह्मण समाज ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं पत्रकारिता और आम नागरिकों की सुरक्षा दोनों के लिए चिंताजनक हैं। प्रशासन से मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। इस मौके पर बडी संख्या में विप्रजन मौजूद थे।

नवसाक्षरों का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

साक्षर भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शनिवार को विकासखंड में नवसाक्षर परीक्षा का भव्य आयोजन किया गया। परीक्षा को एक उत्सव का रूप देते हुए विद्यालयों में नवसाक्षरों का फूलों के गुलदस्ते और फूल मालाएं पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। नवसाक्षरों के आगमन पर शालाओं को आकर्षक रंगोलियों, बंदनवारों और स्लोगनों से सजाया गया था। इस दौरान पहली बार कलम पकड़ने वाले नवसाक्षरों में भी उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। विकास खंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, विकासखंड स्रोत समन्वयक बृजेंद्र सिंह रघुवंशी, विकास खंड साक्षरता समन्वयक शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि विकासखंड के कुल 306 परीक्षा केंद्रों पर एक साथ यह परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें 5206 नवसाक्षरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने परीक्षा देकर यह सिद्ध कर दिया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। परीक्षा में शामिल हुए कई नवसाक्षरों ने बताया कि अब वे अपना नाम लिख सकते हैं, बैंक के कागज पढ़ सकते हैं और अपने बच्चों को पढ़ने में मदद कर सकते हैं। यही सच्चे अर्थों में सशक्तिकरण है। जनशिक्षक समीर याज्ञनिक, अमित श्रीवास्तव पूर्व सह समन्वयक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया यह आयोजन उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर लोगों को बुनियादी साक्षरता प्रदान करना है। अधिकारियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सैकडो स्वयंसेवकों के अथक परिश्रम से यह महाअभियान सफल हो सका। निश्चित ही गंज बासौदा के इन 5206 नवसाक्षरों का यह कदम साक्षर भारत से विकसित भारत के निर्माण में एक मजबूत ईंट साबित होगा।

महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में विभिन्न महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि मना कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं राष्ट्रीय खाद्य दिवस विश्व पोलियो दिवस सहित संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थापना दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सुनील बाबू पिंगले मौजूद रहे। जिन्होंने कहा कि आज विश्व पोलियो दिवस मनाया जा रहा है जो कि डॉक्टर साल्क जिन्होंने इसकी वैक्सीन का निर्माण किया था। उनके सम्मान में मनाया जाता है, यह अभियान रोटरी क्लब ने शुरू किया। वहीं इसकी प्रभावशील वैक्सीन 1955 में बना ली गई तब से लेकर आज तक यह दिन विश्व पोलियो दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज राष्ट्रीय खाद्य दिवस भी है हजारों टन खाद्य प्रतिवर्ष हमारे देश मे गोदाम मे एवं खुले में बारिश के कारण सड़ जाता है, उसको रोकने इसके लिए खाद्य दिवस मनाया जाता है। पल्स पोलियो अभियान, खाद्य दिवस को सफल बनाने के लिए उपस्थितों को संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर विभिन्न महापुरुषों जिसमें झांसी की रेजीमेंट डॉक्टर लक्ष्मी सहगल सहित इस्मत चुगताई जो कि उर्दू की प्रसिद्ध लेखिका थीं, सीताराम केसरी जो कि कांग्रेस के अध्यक्ष थे उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। वहीं प्रख्यात कार्टूनईस्ट डॉक्टर आरके लक्ष्मण की जयंती, विश्व प्रसिद्ध गायक मन्ना डे की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर साहित्यकार बलराम सिंह दांगी, संता महाराज, प्रदीप अरोरा, उत्तम सोनी, कैलाश, टीपू सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार वाचनालय प्रभारी कुलदीप राजपूत ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अनेक पाठकगण उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने बताए स्वयंसेवकों को ई-वेस्ट के दुष्प्रभाव

सैण्टएसआरएस में ई-वेस्ट अवेयरनेस कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल में रासेयो के तत्वावधान में 'ई-वेस्ट अवेरनेस' इलेक्ट्रॉनिक कचरा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों को ई-वेस्ट के दुष्प्रभावों तथा इसके वैज्ञानिक प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की संगीत टीम द्वारा माँ सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के प्राचार्य उमेश चन्द्र यादव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें ई-वेस्ट का सही प्रबंधन करना जरूरी है तथा इस विषय पर बेहद गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। आज हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, वर्तमान समय में हमारे दैनिक जीवन में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का उपयोग बहुतायत में होने लगा है। आज शायद ही कोई ऐसा घर या क्षेत्र बचा हो जहाँ इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का उपयोग न हो रहा हो। इन आधुनिक उपकरणों के उपयोग के बाद जब वे खराब हो जाते हैं, तो उनके अनुचित निस्तारण से पर्यावरण को भारी नुकसान पहुँचता है। यदि हमने समय रहते इसके निस्तारण और प्रबंधन के लिए संतुलित एवं प्रभावी नीति नहीं अपनाई, तो आने वाले समय में हमें इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसलिए समाज में ई-वेस्ट के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी केपी सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को 'बेस्ट मटेरियल' और ई-वेस्ट के सही प्रबंधन के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने निर्देश दिए कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे को काले रंग के डस्टबिन में ही समूहीकृत कर संग्रहित किया जाए, जिससे कूड़ा वाहन द्वारा इसका उचित रूप से निस्तारण करने में पूरी सुविधा मिल सके। इसके साथ ही, कार्यक्रम में सूखे कचरे, गीले कचरे और मेडिकल वेस्ट को अलग-अलग निर्धारित डस्टबिन में डालने के तौर-तरीकों की भी व्यावहारिक जानकारी दी गई ताकि स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन दोनों को बनाए रखा जा सके। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गोविंद सिंह कुशवाह, अजय विश्वकर्मा, गौरव जैन, सोनू राय, प्रियंका अग्रवाल, मेघना सहित समस्त स्टॉफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बालाजी धाम में चढ़ाई 51 किलो की माला

गंजबासौदा। श्रीराम जानकी मंदिर बालाजी धाम हथौड़ा में शनिवार को भगवान को 51 किलोग्राम की विशाल माला अर्पित की गई। शनिवार शाम 6 बजे सुभाष निकेतन वाली गली से माला यात्रा शुरू हुई जो मुख्य मार्ग से होते हुए मंदिर पहुंची। जहां रात्रि के समय भगवान को 51 किलो की माला अर्पित की गई। इस अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम और प्रसादी का आयोजन हुआ।

ग्राम फरीदपुर डायला में मनेगा परंपरागत शरद पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार को इलाके भर में शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर परंपरानुसार ग्राम फरीदपुर डायला में भी शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होगा। यह उत्सव श्री राम राज्याभिषेक के स्वरूप प्रतिवर्ष संपन्न किया जाता है। इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा महोत्सव भाव भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न कराया जा रहा है। जिसकी तैयारियां भी की जा रही हैं। इस महोत्सव के तहत रविवार 25 अक्टूबर को रात्रि आठ बजे ग्राम डायला के श्री राघवेन्द्र सरकार धाम में भजन संध्या का आयोजन होगा। इसके बाद रात्रि 10 बजे श्री प्रभु का शरद राज सिंहासन पर आगमन कराया जाएगा। रात्रि 11 बजे विशेष अभिषेक, राज्य अभिषेक होगा। वहीं रात्रि 12 बजे चंद्रपूजन, अमृत आवाहन और महाआरती संपन्न कराई जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

यहां उल्लेखनीय है कि ग्राम डायला का शरद पूर्णिमा महोत्सव इलाके भर ही नहीं अन्य नगरों में भी प्रसिद्ध है और इस दिन नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य नगरों के भी श्रद्धालु बडी संख्या में गांव में पहुंचते हैं और इस महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ लेते हैं। इस दिन गांव में मेला भी लगता है और विशाल बताशे का प्रसाद भी वितरित होता है। इस कारण यह महोत्सव क्षेत्र भर में श्रद्धा का केन्द्र बना रहता है। उधर शरद पूर्णिमा पर्व पर नगर के सभी मंदिरों में भी विशेष आयोजन होते हैं। नोलखी मंदिर, वार्ड क्रमांक 2 के हनुमान मंदिर, रेलवे स्टेशन मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों में रात में भगवान की विशेष पूजन आरती के बाद प्रसादी के रूप में खीर का वितरण किया जाता है। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं।

नेहरू चौक पर होगी भजन संध्या

गंजबासौदा। राष्ट्र शक्ति मंच द्वारा शरद पूर्णिमा पर रविवार को भव्य शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में रंगारंग भजनों और बुंदेली गायकी की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में बुंदेली गायक संदीप राजा, गायक अनिल झा और गायिका पूजा दांगी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। भजन संध्या रात 8 बजे से प्रारंभ होगी। इसके साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को खीर का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू चौक पर होगा। मंच के संस्थापक अध्यक्ष सुजीत सराठे ने महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

खबर संक्षेप

निःशुल्क खीर वितरण और रात्रि जागरण आज

शमशाबाद। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को शमशाबाद के ग्राम पाली में भारद्वाज आयुर्वेद संस्थान द्वारा रात्रि जागरण एवं औषधि युक्त खीर वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम रात 9 बजे से शुरू होगा। खीर वितरण के लिए आने वाले लोगों से समय पर पहुंचकर पंजीयन कराने और टोकन लेने की अपील की गई है।

अवतरण दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम आज से

सागर। संत शिरोमणि जैनाचार्य विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में गुरू कृपा पात्र संघ द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संघ के संस्थापक संजय जैन गुरूकृपा ने बताया कि 25 अक्टूबर रविवार की सुबह 9 बजे दयोदय गौशाला मे गौ माता सेवा, 10:30 बजे लक्ष्मीपुरा वार्ड स्थित महिला आश्रम मे अध्ययनरत छात्राओं को भोजन कराया जायेगा। दूसरे दिन सोमवार को दोपहर में कटरा जय स्तंभ के समीप वर्णी काम्पलेक्स से खीर वितरण किया जाएगा।

रहली में थोक पटाखा गोदाम का एसडीएम ने किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार एसडीएम कुलदीप पाराशर ने रहली में थोक पटाखा लायसेंसी रचना पति प्रशांत सेधिया के गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लायसेंस, स्टॉक पंजी, सुरक्षा मानकों, अग्निशमन यंत्रों और भंडारण व्यवस्था की जांच की गई। एसडीएम ने लायसेंसी को नियमानुसार पटाखों का भंडारण करने, सुरक्षा मानकों का पालन करने और रहवासी क्षेत्र से दूर सुरक्षित बिक्री करने के निर्देश दिए।

तीर्थयात्री श्रवणबेलगोला यात्रा पर रवाना

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत श्रवणबेलगोला तीर्थ यात्रा के लिए सागर जिले के 111 तीर्थयात्रियों का चयन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। चयनित तीर्थयात्रियों को शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर सागर से बीना जंक्शन के लिए रवाना किया गया। अपर कलेक्टर अविनाश रावत एवं संयुक्त कलेक्टर रवीश श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट परिसर से तीर्थयात्रियों को लेकर जाने वाली बसों को हरी झंडी दिखाकर बीना जंक्शन के लिए रवाना किया। यहां से तीर्थयात्री श्रवणबेलगोला की तीर्थ यात्रा पर जाएंगे।

आयुष्मान एवं ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड बनवाने के लिए शिविर आयोजित

सागर। जिला अधिवक्ता संघ, सागर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए ए.डी.आर. भवन में सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष्मान कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने तथा आवश्यक दस्तावेजी कार्यवाही के लिए मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराया गया। शिविर के माध्यम से लगभग 240 अधिवक्ता एवं न्यायिक कर्मचारी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एम.के. शर्मा, विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट विवेक सिंह रघुवंशी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संतोष सैनी, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, सचिव जितेन्द्र राठौर, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिव्या भलावी सहित मुख्यालय के अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश एम.के. शर्मा ने उपस्थितजनों को ड्राइविंग लाइसेंस के महत्व एवं आयुष्मान कार्ड से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। शिविर का उद्देश्य अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को आवश्यक दस्तावेज बनवाने की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा शासकीय सेवाओं तक उनकी पहुंच सरल बनाना रहा। शिविर के समापन पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।

गीता ने बयां किया दर्द: कच्चा मकान होने के कारण मेहमानों को भी नहीं बुलाते

कैसे मिलेगा जनविश्वास: 40 साल से मिट्टी के घरोंदे में तीन बेटियों के साथ गुजर रही गीताबाई की जिंदगी

सरकार के जन विश्वास कार्यक्रम के दौरान अधिकारी जब गांव में भ्रमण करने पहुंचे तो गीताबाई ने उन्हे वो तस्वीर दिखाई जिसने ऐसे अभियानों और योजनाओं पर सवालिया निशान लगा दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

सरकार गरीबों को पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चला रही है, लेकिन ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पुरा गुसाईं में एक गरीब परिवार आज भी पक्के मकान के इंतजार में अपनी जिंदगी गुजार रहा है।

परिवार की बदहाली ऐसी है कि मकान की जर्जर हालत के चलते मेहमानों को भी घर बुलाने में संकोच होता है। परिवार की गीता विश्वकर्मा ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि कच्चे मकान की हालत देखकर उन्हें हमेशा चिंता बनी रहती है।

खिलान विश्वकर्मा अपनी पत्नी और तीन बेटियों के साथ मिट्टी की जर्जर दीवारों तथा टूटे-फूटे छप्पर वाले मकान में रहने को मजबूर हैं। मकान की दीवारें जगह-जगह से खिसक रही हैं, जबकि छत और लकड़ी के मियारों की हालत भी खराब है। परिवार के अनुसार, करीब 40 से 45 वर्षों से उनका जीवन कच्चे मकान में ही गुजर रहा है, लेकिन अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है।

वर्षों से पीएम आवास का इंतजार कर रहा परिवार



विदिशा। 40 साल से कच्चे मकान में रह रहे परिवार ने लगाई गुहार।

संपन्न लोगों को लाभ, जरूरतमंद इंतजार में!

एक ओर सरकार गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं संचालित कर रही है, वहीं दूसरी ओर इस तरह के मामले योजना के क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों के चयन पर सवाल खड़े करते हैं। जब वास्तव में जरूरतमंद परिवार वर्षों से पक्की छत के लिए इंतजार कर रहे हों, तो यह देखना जरूरी हो जाता है कि सर्वे और हितग्राही चयन की प्रक्रिया में कहीं कोई कमी तो नहीं रह गई।

सरपंच बोले- 2024-25 के सर्वे में जुड़वाया नाम

इस संबंध में ग्राम पंचायत पुरा गुसाईं के सरपंच पृथ्वीराज मीणा ने बताया कि वे वर्ष 2022-23 में सरपंच बने थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 के सर्वे में खिलान विश्वकर्मा का नाम जुड़वा दिया गया है। इससे पहले की स्थिति के संबंध में उन्होंने कहा कि पूर्व के सरपंच-सचिव के कार्यकाल में क्या हुआ, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। सरपंच के अनुसार, मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम में कलेक्टर-एसपी के निरीक्षण के दौरान सामने आई गरीब परिवार की पीड़ा।

सरपंच-सचिव से लगाई गुहार, फिर भी नहीं मिली पक्की छत

खिलान विश्वकर्मा का कहना है कि उन्होंने कई बार सरपंच और सचिव से आवास दिलाने की गुहार लगाई, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका परिवार आर्थिक तंगी के बीच जैसे-तैसे जीवनयापन कर रहा है। खिलान विश्वकर्मा ने बताया कि उनके भाई राजू विश्वकर्मा, रामसेवक विश्वकर्मा और रामकृष्ण विश्वकर्मा भी कच्चे मकानों में रहने को मजबूर हैं और उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।

भविष्य में प्रधानमंत्री आवास आवंटित होने पर परिवार को लाभ मिल सकेगा।

कलेक्टर-एसपी के निरीक्षण में सामने आया मामला

ग्राम पंचायत पुरा गुसाईं में मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर और एसपी के निरीक्षण के समय गरीब परिवार की यह स्थिति सामने आई।

गायक हंसराज रघुवंशी व हमीरपुर के धीमान परिवार में बेटी जन्मी, दीपसिंह ने बेटियों को कपड़े भेजे

12वां राज्य बना हिमाचल प्रदेश, बेटियों को जीने दो टीम के प्रमुख ने 2459 जोड़ी से ज्यादा कपड़े देशभर में बांटे

निजी खर्चे से 2.50 लाख से ज्यादा खर्च कर चुके दीपसिंह कुशवाह, नहीं है कोई एनजीओ या समिति।



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार को विदिशा पोस्ट ऑफिस से हिमाचल प्रदेश के सोलन और हमीरपुर जिले की दो बेटियों के लिए कपड़े के दो पार्सल भेजे हैं। जिसमें पहला पार्सल प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी की बेटी के लिए और दूसरा पार्सल सतीश धीमान की बेटी के लिए भेजा है।

गायक हंसराज की पत्नी कोमल सकलानी ने 10 अक्टूबर को बेटी को जन्म दिया। और 21 अक्टूबर को उसका नाम रुद्राणी रखा गया। इधर धीमान परिवार ने बेटी का नाम राध्या रखा है। विदिशा, मध्यप्रदेश के दीपसिंह कुशवाह ने बेटियों को कपड़े भेजकर हिमाचल प्रदेश को भारत में फ्री कपड़े सेवा देने वाला 12वां राज्य बना दिया है। कुशवाह ने उनकी बेटी भूमि कुशवाह के चौथे जन्मदिन (2 सितंबर 2021) से बेटियों को जीने दो ग्रुप के माध्यम से बेटी के जन्म पर बेटी को देशभर में फ्री नामक पहल का आगाज किया था। पहल के माध्यम से कपड़े देश के 11 राज्यों तक पहले ही पहुंच चुके हैं। जबकि विदिशा कार्यालय से बेटियों के लिए कपड़े रोज दिए जाते हैं। वे बिना एनजीओ या समिति के यह पहल को चला रहे हैं। वे अब तक निजी 2.50 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर चुके हैं। हमीरपुर के सौर में बेटी की किलकारी गूंजी हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले की बरसर तहसील के सौर गांव में भी बेटी ने जन्म लिया है। 25 सितंबर को रीनू देवी– सतीश धीमान के घर बेटी का आगमन हुआ। धीमान परिवार ने मिलकर बेटी का नाम राध्या रखा है। बेटी के पिता सतीश धीमान ने मप्र से दीप सिंह कुशवाह द्वारा चलाई जा रही बेटी के जन्म पर बेटी को देशभर में कपड़े फ्री देने वाली पहल की सराहना की है।

कृभको ने कागपुर में आयोजित किया कार्यक्रम

विदिशा। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) विदिशा द्वारा ग्राम कागपुर स्थित गढ़ला सहकारी समिति में प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंद्रभान सिंह बघेल वरिष्ठ भाजपा नेता, ज्योति त्रिपाठी कृषि विस्तार अधिकारी, देवेंद्र कुमार, लाखन सिंह बघेल, कमलेश तिवारी समिति प्रबंधक तथा संतोष जाटव सरपंच सहित 70 से अधिक किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में कृषि विभाग एवं कृभको द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान पर जानकारी देते हुए किसानों को उपयोगी सुझाव दिए गए। साथ ही कृभको के उत्पादों एवं प्रक्षेत्र प्रदर्शन के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक किया गया।



विदिशा को प्रदेश के 22 जिलों में सातवां स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश द्वारा भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय साथिया समागम में विदिशा जिले की साथिया रागिनी दांगी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना को किशोर स्वास्थ्य की प्राथमिकताओं पर आधारित हस्तनिर्मित कलाकृति भेंट की। उनकी इस अभिनव पहल की मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना एवं संयुक्त संचालक डॉ. शरद तिवारी ने सराहना की। समागम के दौरान विदिशा जिले की टीम ने साथिया कॉर्नर प्रदर्शनी में प्रभावी प्रदर्शन करते हुए किशोर स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शन के परिणामस्वरूप विदिशा जिले को प्रदेश के 22 जिलों में सातवां स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि जिले में साथिया कार्यक्रम की शुरुआत पिछले वर्ष ही हुई थी। कम समय में हासिल यह उपलब्धि कार्यक्रम से जुड़े प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थाओं के प्रयासों को दर्शाती है।

प्रदर्शनी में जिले की टीम ने किया प्रभावी प्रदर्शन

राज्य स्तरीय समागम में विदिशा जिले की ओर से प्रशिक्षक नवीन शर्मा, महिला प्रशिक्षक तथा साथिया अर्पित शिवहरे और रागिनी दांगी ने सहभागिता की। टीम ने प्रदर्शनी के माध्यम से किशोरों के स्वास्थ्य, उनकी समस्याओं और जागरूकता की आवश्यकता से जुड़े विषयों को प्रस्तुत किया। रागिनी दांगी की हस्तनिर्मित कलाकृति ने किशोर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में रचनात्मक अभिव्यक्ति की भूमिका को भी रेखांकित किया। साथिया कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य एवं जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सही जानकारी उपलब्ध कराना तथा उन्हें जागरूक और सशक्त बनाना है। इसके अंतर्गत पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, नशे से बचाव, लैंगिक हिंसा, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य और सोशल मीडिया के सदुपयोग जैसे विषयों पर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाती हैं। कार्यक्रम के माध्यम से किशोरों को अपनी समस्याओं को समझने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।



पढ़ाई के साथ कौशल सीखें, स्वरोजगार से बनें आत्मनिर्भर : कपिल मलैया

सागर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पगारा मार्ग में शनिवार को स्वरोजगार एवं स्वावलंबन विषय पर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक एवं विचार समिति के अध्यक्ष कपिल मलैया ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कौशल विकसित कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कपिल मलैया ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ छोटे-छोटे कार्यों और विभिन्न कौशलों को सीखकर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इससे उनमें कार्यकुशलता और आत्मविश्वास विकसित होगा। उन्होंने शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान को भी जरूरी बताते हुए कहा कि युवा अपनी क्षमताओं का उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के व्यवस्थापक सुनील सराफ, स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के पूर्णकालिक कार्यकर्ता रविंद्र सिंह ठाकुर, प्राचार्य रुचि मिश्रा, प्रधानाचार्य शोभा भारद्वाज सहित आचार्य परिवार उपस्थित रहा।

ढाना पुलिस ने 24 घंटे में बाइक चोरी का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

चौकी ढाना पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद कर ली। कार्रवाई चौकी प्रभारी सत्यव्रत धाकड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

जानकारी के अनुसार 21 एवं 22 अक्टूबर की दरमियानी रात ग्राम बंसिया, चौकी ढाना, थाना सुरखी क्षेत्र में फरियादी चरण गौड़ के घर के आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल अज्ञात आरोपी ने ताला तोड़कर चोरी कर ली थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सूचना मिलने के 24 घंटे के भीतर कमलेश पिता रामक्रेश गौड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर जब्त कर ली।पुलिस के अनुसार कार्रवाई चौकी प्रभारी सत्यव्रत धाकड़ के नेतृत्व में टीम द्वारा लगातार किए गए प्रयासों और त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप संभव हुई। सागर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वाहन सुरक्षित स्थान पर खड़े करें और अतिरिक्त सुरक्षा लॉक का उपयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या चोरी की घटना की जानकारी तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस चौकी को दें।



निगमायुक्त ने संत रविदास वार्ड में डेयरियों का किया औचक निरीक्षण

भूखंड आवंटन के बाद भी डेयरी विस्थापित नहीं करने वाले संचालकों के विरुद्ध एफआईआर एवं जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने शनिवार को सुबह संत रविदास वार्ड पहुंचकर डेयरियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डेयरी विस्थापन परियोजना के अंतर्गत हफसिली में भूखंड आवंटित होने के बाद भी शहर में डेयरी संचालित करने वाले संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निगमायुक्त के निर्देश पर पांच डेयरियों के पशुओं को नगर निगम के काऊ कैचर वाहन से पकड़कर डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली भिजवाया गया।

निरीक्षण के दौरान टीकाराम यादव, राजू केसरवानी, रामभजन यादव एवं भरत यादव एवं रमेश पटैरिया की डेयरियों में पशु पाए गए। नगर निगम की टीम ने मौके पर ही पशुओं को पकड़कर जप्ती की कार्रवाई की तथा पंचनामा तैयार कर उन्हें हफसिली स्थित डेयरी विस्थापन स्थल पर भिजवाया। इस दौरान टीकाराम यादव ने अपने 17 पशुओं को शाम तक तालचिरी में शिफ्ट करने का आश्वासन दिया।



शहरभर में जोरदार स्वागत, पूर्व छात्रों ने साझा की स्कूल से जुड़ी यादें

गवर्नमेंट उत्कृष्ट स्कूल के 200 वर्ष पूरे, निकली अविराम साइकिल व पैदल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गवर्नमेंट उत्कृष्ट विद्यालय, सागर की स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण होने के गौरवमयी अवसर पर शनिवार को वर्तमान एवं पूर्व छात्र-छात्राओं ने 'अविराम साइकिल एवं पैदल रैली' निकाली। स्कूल परिसर से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान 18 से अधिक स्थानों पर पुष्पमालाओं और पुष्पवर्षा से रैली का स्वागत किया गया। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने वरिष्ठ पूर्व छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पूर्वछात्र प्रसन्न सेलट, अधिवक्ता कृष्णवीर सिंह ठाकुर, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे और प्राचार्य सुधीर तिवारी सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र मौजूद रहे।

यह विद्यालय नहीं, पूरा परिवार है : महापौर संगीता तिवारी

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि 200 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, "यह विद्यालय नहीं, बल्कि पूरा परिवार और खानदान है।" उन्होंने स्कूल की आवश्यकताओं को शासन एवं जनभागीदारी से पूरा कराने के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व छात्र कृष्णवीर सिंह ठाकुर ने कहा कि स्कूल के पुराने दिनों की यादें ताजा हो गईं और संस्मरण सुनते हुए उनकी आंखें नम हो गईं। महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने भी स्कूल से जुड़े पुराने संस्मरण साझा किए। उन्होंने बताया कि उनके पिता सहित परिवार के कई सदस्य इसी विद्यालय से पढ़े हैं।



साइकिल रैली के साथ विद्यार्थियों ने किया पैदल मार्च

रैली में बालकों और छात्राओं की साइकिल रैली अलग-अलग निकाली गई। विद्यार्थियों ने गोपालगंज वार्ड में पैदल मार्च कर विद्यालय की 200 वर्ष की गौरवशाली यात्रा से जुड़े नारे लगाए। रैली में बुंदेली संस्कृति की झलक भी दिखाई दी। वृंदावन बाग मठ का 'गजानंद हाथी' रैली का नेतृत्व कर रहा था, जबकि बुंदेली वाद्य यंत्रों ने माहौल को आकर्षक बना दिया। रैली का सिविल लाइन, गोपालगंज, परकोटा, तीनबत्ती, कटरा चौकी, नगर निगम सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर पूर्व छात्रों और नागरिकों ने स्वागत किया। गोपालगंज खांडेकर चौक पर श्यामलम् संस्था, ऋषिकुल विद्यालय और बुंदेलखंड विकास मंच के सदस्यों ने पुष्पवर्षा की।

1961 से 1990 के दशक तक के पूर्व छात्र जुटे

द्विशताब्दी समारोह में विभिन्न दशकों के पूर्व छात्रों की मौजूदगी खास आकर्षण रही। वर्ष 1961 के छात्र प्रसन्नलाल सेलट से लेकर 1964, 1969, 1974, 1976 और 1990 के दशक के अनेक पूर्व छात्र शामिल हुए।

इनमें डॉ. राजेश शुक्ला, ब्रजभूषण पाठक, नरेन्द्र चौकसे, कृष्णवीर सिंह ठाकुर, डॉ. रणजीत सिंह, अंकलेश्वर दुबे, विनय चौबे, विद्यासागर उपाध्याय, अखिलेश पाठक, हृदेश पाटकार सहित अनेक पूर्व छात्र मौजूद रहे।प्राचार्य सुधीर तिवारी के नेतृत्व में विद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रैली में भाग लिया। विद्यार्थियों का उत्साह, पूर्व छात्रों की भावुकता और शहरवासियों का आत्मीय स्वागत आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा।

आज निकलेगी वाहन अविराम रैली

द्विशताब्दी समारोह के तहत रविवार सुबह 10 बजे पूर्व विद्यार्थियों की 'वाहन अविराम रैली' निकाली जाएगी। इसे भी विद्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

बैठक आज

सागर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे वोट बचाओ देश बचाओ - वोट चोरी के विरुद्ध अभियान को लेकर सागर में बैठक का आयोजन किया गया है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी सागर के अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर एवं विधायक अमित सुभाषराव झनक का सागर दौरा 25 अक्टूबर को हो रहा है। इसमें सहप्रभारी पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया एवं जिला तथा विधानसभा प्रभारी भी उपस्थित रहेंगे।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं रितिक कुशवाह पुत्र :- श्री नारायण सिंह कुशवाह आयु :- 22 वर्ष जाति :- कुशवाह निवासी :- वार्ड नं. 16, नेमा प्रेस के पीछे, ढलकपुरा, चूना वाली गली, विदिशा । मेरा आधार कार्ड कं. 8747 9782 2932 है जिसमें मेरा नाम रितिक कुशवाह (RITIK KUSHWAH) दर्ज है। मेरी अंकसूची एवं अन्य शिक्षा संबंधित अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम रितिक कुशवाह (RITIK KUSHWAHA) दर्ज है एवं मेरी जन्म दिनांक 22.11.2004 दर्ज है जो कि पूर्णतः सत्य व सही है। यह कि मेरे नाम से एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम ब्रांच विदिशा में है जिसका पॉलिसी कं. 352103598 है। उक्त पॉलिसी में मेरा नाम चन्द्र शेखर कुशवाह (CHANDRA SHEKHAR KUSHWAHA) दर्ज है एवं मेरी जन्म दिनांक 23.11.2004 दर्ज है। मेरी अंकसूची के आधार पर उक्त पॉलिसी में मेरा सही नाम रितिक कुशवाह (RITIK KUSHWAHA) एवं मेरी सही जन्म दिनांक 22.11.2004 दर्ज कराने हेतु मेरी ओर से यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। मेरे नाम एवं जन्म दिनांक को लेकर किसी प्रकार का कोई विवाद होता है तो सम्पूर्ण जबाबदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

न्यायालय तहसीलदार (नगरीय) तहसील विदिशा जिला विदिशा म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 1833/अ-6/2026-27
1-श्री बृदांवन दुबे पुत्र स्व. श्री गजाधर प्रसाद दुबे
2-श्री बृजनंदन कुमार दुबे पुत्र स्व. श्री गजाधर प्रसाद निवासीगण वार्ड न. 38 पूरनपुरा विदिशा ..... आवेदकगण

बनाम

श्री प्रहलाद सिंह पुत्र कन्हैयालाल यादव निवासी पूरनपुरा विदिशा ..... अनावेदक

// जाहिर सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण बृदांवन दुबे, बृजनंदन कुमार दुबे पुत्रगण स्व. श्री गजाधर प्रसाद दुबे निवासीगण विदिशा द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण द्वारा ग्राम कस्बा विदिशा हल्का नं. 02 तहसील विदिशा नगर जिला विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 652 मि. रकबा 0.314 है. में से 2400 वर्गफिट भूखण्ड विक्रेता श्री प्रहलाद सिंह पुत्र कन्हैयालाल यादव से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं. 2994 दिनांक 31.02.98 के द्वारा क्रय किया है। उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र अनुसार अपने नाम पर नामांतरण कराने का निवेदन किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक 1324/अ-6/2026-27 इस न्यायालय में अगली सुनवाई हेतु नियत है।

ऐसे सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि में हित रखते हो तो वह अपनी आपत्ति / दावा प्रकरण में नियत दिनांक 30/10/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

तहसीलदार
तहसील नगर विदिशा

मरीजों से मिलने के लिए शाम 4-6 बजे का समय, पर अमल नहीं होता

जिला अस्पताल में मरीजों के साथ आए अटेंडरों का जमावड़ा, सिक्योरिटी गार्ड सिस्टम लचर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल के वार्डों में भीड़ कम करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना अभी तक अमल में नहीं आई है। जिला अस्पताल में आलम यह है कि न तो मरीजों के परिजनों के गेट पास बन रहे हैं और न ही मरीजों से मिलने का समय बदला है। सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है, यही बड़ी वजह है कि जिला अस्पताल परिसर में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती है। हालांकि जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूर्व में गेट पास सिस्टम लागू भी किया था। लेकिन विवाद होने से बाद में गेट पास सिस्टम बंद कर दिया गया। जिला अस्पताल प्रबंधन ने चार पांच साल पहले एक मरीज के साथ सिर्फ दो अटेंडर रहने के निर्देश दिए थे, लेकिन यह व्यवस्था कुछ दिन चलने के बाद फेल हो गई। वार्डों में भीड़ इतनी अधिक रहती है कि एक मरीज के साथ बड़ी संख्या में उनके परिजन और रिश्तेदारों का जमावड़ा बना रहता है। भीड़ को कम करने के लिए सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है।



सिक्योरिटी गार्ड व्यवस्था लचर

जिला अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड सिस्टम लचर है, प्रत्येक फ्लोर पर सिक्योरिटी गार्ड व्यवस्था प्लान करने के निर्देश दिए गए थे। मरीजों से मिलने वालों के लिए शाम 4 से 6 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन इस पर अमल नहीं किया जा सका। मरीजों की अधिकता होने पर रिक्त स्थान पर अतिरिक्त पलंगों की व्यवस्था भी नहीं की जाती है। जांच के लिए भर्ती मरीजों के बेड पर जाकर सैंपलिंग की व्यवस्था भी नहीं हो पाई है, लेकिन उनकी कोई नहीं सुनता है। एसडीएम मनीष शर्मा ने पहले भी जिला अस्पताल में डॉक्टरों और स्टॉफ की बैठक में भीड़ को नियंत्रित करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि प्रत्येक व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक को अलग-अलग जिम्मेदारी लेना चाहिए। अलग अलग जिम्मेदारी से मरीज संतुष्ट के साथ उपचार ले सके। प्रत्येक मरीज के साथ केवल एक ही अटेंडर को रहने की अनुमति दें, लेकिन इस पर अमल नहीं हो पाया।

अधिकारियों के निरीक्षण में चक-चौबंद रहती है व्यवस्था

जिला अस्पताल में प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान व्यवस्था चक-चौबंद रहती है। कलेक्टर, एसडीएम, अपर कलेक्टर या तहसीलदार जब निरीक्षण करने पहुंचते हैं, खामियां जिला अस्पताल प्रबंधन चकाचक कर लेता है।। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों के आने पर भी भीड़ एकदम कंट्रोल में रहती है, मगर इनके जाते ही व्यवस्था पटरी से उतर जाती है।

प्रसूति वार्ड में सबसे अधिक भीड़

जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड में सबसे अधिक भीड़ रहती है। यहां पुरुषों की नो एंट्री है।इसके बाद भी दिनभर पुरुषों का जमावड़ा बना रहता है। कायाकल्प टीम के निरीक्षण के दौरान भी प्रसूति वार्ड में भीड़ पाई गई थी, जिस पर टीम के सदस्यों ने खासी नाराजगी जताई थी। कुछ सबकुछ ठीक ठाक व्यवस्थाएं चली, फिर एक बार पुराना ढर्रा बिगड़ने लगा है।

पिछली बार कायाकल्प में इसी कारण पिछड़े

जिला अस्पताल में भीड़ पर अंकुश नहीं लगा पाना जिला अस्पताल प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। हर बार कायाकल्प अभियान में इसी कारण रेटिंग में जिला अस्पताल पिछड़ता रहा है। पिछली बार कायाकल्प की राज्य स्तरीय टीम ने भी भीड़ को लेकर खासी नाराजगी व्यक्त की थी।

इनका कहना है

पहले की तुलना में काफी हद तक भीड़ नियंत्रित हुई है। सुरक्षा गार्डों की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। जिला अस्पताल प्रबंधन फिर से गेट पास सिस्टम लागू करने का विचार कर रहा है।

डॉ अनिल ओढ, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल रायसेन।

बिना संकेतक के खड़ा था ट्रक, रात में हादसा

सड़क पर खड़े बासमती धान से भरे ट्रक से टकराकर ट्रक-डंपर खाई में पलटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला मुख्यालय के निकटवर्ती भोपाल मार्ग स्थित सदालतपुर घाटी पर बीती गुरुवार देर रात को सड़क किनारे बिना किसी संकेतक के खड़े बासमती धान से भरे खराब ट्रक के कारण पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक और एक डंपर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गए। हादसे में एक ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब 11 बजे भोपाल की ओर से आ रहा बासमती धान से भरा ट्रक अचानक खराब हो गया और चालक ट्रक को सड़क पर ही छोड़कर चला गया। ट्रक पर न तो पार्किंग लाइट जल रही थी और न ही कोई सांकेतिक चिन्ह लगाए गए थे। घाटी में अंधेरा होने के कारण पीछे से आ रहे वाहनों को खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया।

पहले रायसेन की ओर जा रहा तेज रफ्तार मिट्टी से भरे डंपर टक्कर से बचाने के प्रयास में स्टीयरिंग घुमाते ही खाई में पलट गया। उसके कुछ मिनट बाद पीछे से आ रहा एक और ट्रक भी खराब ट्रक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर अशोक कुमार को हाथ-पैर में मामूली चोटें आई हैं। उसे स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत सामान्य बताई गई। वहीं डंपर चालक बाल-बाल बच गया। सूचना मिलते ही सेडोरा चौकी प्रभारी शैलेन्द्र दायमा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को खाई से निकलवाया तथा खराब ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन खड़ा करने का मामला दर्ज किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

दूसरी घटना : तेज रफ्तार डंपर ने कार व ट्रक में मारी टक्कर

वीआरसी सड़क कंपनी के मिट्टी से भरे डंपर यमदूत बन कर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। नतीजतन आएदिन भोपाल मार्ग पर सड़कें खून में रंग रही हैं। वीआरसी सड़क कंपनी के मिट्टी से भरे डंपर यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी सेंडोरा के तहत सदालतपुर घाटी के पास बीती गुरुवार की रात करीब 10 बजे डंपर क्र. आरजे 27 जीएफ 1900 के चालक द्वारा लापरवाही और तेज रफ्तार में चलाते हुए आगे चल रहे धान से भरे ट्रक क्र. एमपी 04 एचई 2445 में पीछे से टक्कर मार दी। जिसके बाद सामने से आ रही एक कार क्र. एमपी 04 सीवाय 5587 को भी टक्कर मार दी, जिससे कार और ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हालांकि कार चालक और सवार को कोई चोट नहीं आई।

नगर परिषद अध्यक्ष ने स्वागत किया

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में श्रवणबेलगोला रवाना हुए यात्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत नगर से जैन धर्म के पवित्र तीर्थ स्थल श्री श्रवणबेलगोला जी की तीर्थ यात्रा पर रवाना हो रहे वरिष्ठ नागरिकों का नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश जैन ने स्वागत कर उन्हें मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। कर्नाटक के हासन जिले में स्थित श्री श्रवणबेलगोला जैन धर्म का प्राचीन एवं प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। यहां भगवान बाहुबली स्वामी की विशाल एकाश्म प्रतिमा श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यह तीर्थस्थल जैन धर्म की तपस्या, त्याग, संयम और अहिंसा की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक माना जाता है। नगर परिषद अध्यक्ष श्री जैन ने सभी यात्रियों का स्वागत करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुखद यात्रा और सकुशल वापसी की कामना की।

चोरों ने एमपी ऑनलाइन दुकान के ताले तोड़े चोरी की वारदात को दिया अंजाम

रायसेन। शहर में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब तहसील कार्यालय के सामने भी दुकानों के ताले टूटने लगे हैं। सांची रोड स्थित कुशवाह मार्केट में बीती रात चोरों ने एक एमपी ऑनलाइन दुकान को निशाना बनाया। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सांची मार्ग स्थित कुशवाह मार्केट में मनोज साहू की एमपी ऑनलाइन दुकान में शुक्रवार-शनिवार की रात में चोरों ने धावा बोल दिया। सुबह जब दुकानदार दुकान पहुंचा तो देखा शटर के दोनों ताले टूटे पड़े हैं। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखे करीब 15 हजार रुपए गायब थे। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने पहुंचकर मौका मुआयना किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

दिल्ली महारैली की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक आज

रायसेन। दिल्ली के रामलीला मैदान में आगामी 1 नवंबर को होने वाली कांग्रेस की महारैली की तैयारियों को लेकर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर 2 बजे सांची रोड स्थित होटल अमोघ में होगी। इसमें वोट बचाओ-लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत महारैली की तैयारियों और संगठन की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता जावेद अहमद खान ने बताया कि बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त अभियान के भोपाल संभाग प्रभारी बाला साहब थोरात, जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल (गड़रवास), पूर्व शिक्षामंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान और सांची विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जीसी गौतम विशेष रूप से शामिल होंगे।

एसडीएम ने किसानों-व्यापारियों से की चर्चा

समयबद्ध नीलामी व किसानों की सुविधा पर जोर, व्यवस्था सुधारने मांगे सुझाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कृषि उपज मंडी में धान की नीलामी प्रक्रिया को व्यवस्थित और सुचारू बनाने के लिए एसडीएम मनीष शर्मा ने शनिवार दोपहर को किसानों और व्यापारियों के साथ बैठक की। कलेक्टर रोहित सिसोनिया के निर्देश पर हुई बैठक में नीलामी व्यवस्था को समयबद्ध बनाने और किसानों को होने वाली परेशानियों को दूर करने पर बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक में एसडीएम शर्मा ने किसानों और अनाज व्यापारियों से सुझाव लेकर मंडी में नीलामी के दौरान बेहतर व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नीलामी प्रक्रिया इस तरह संचालित होनी चाहिए। जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी न हो और मंडी का कामकाज सुचारू रूप से चलता रहे।

बैठक में नीलामी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाने और किसानों की सुविधाओं को प्राथमिकता देने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों का उद्देश्य अनाज मंडी में धान की आवक और नीलामी के दौरान व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखना है। ताकि किसानों और व्यापारियों के बीच समन्वय के साथ खरीदी-बिक्री का काम समय पर हो सके।

काफी मशक्कत के बाद मवेशी को पकड़ा गया, मुंह से रस्सी खोली

मवेशी के मुंह पर रस्सी बांधने से बना गहरा घाव, खून बहने के साथ पड़े कीड़े, गोसेवकों ने किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले जमुनिया के पहाड़ पर एक मवेशी के मुंह पर रस्सी बांधने के कारण गहरा घाव हो गया। घाव इतना गंभीर हो गया कि मवेशी के मुंह से कई दिनों से लगातार खून बह रहा था और घाव में कीड़े भी पड़ गए थे। मवेशी की इस हालत की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने उसे पकड़कर उसके मुंह पर बंधी रस्सी खोली और उपचार शुरू किया। जानकारी के अनुसार, मवेशी के मुंह पर लंबे समय तक रस्सी बंधे रहने के कारण वहां गहरा घाव बन गया था। समय पर उपचार नहीं मिलने से घाव में कीड़े पड़ गए और खून बहने लगा। मवेशी की स्थिति देखकर ग्रामीणों ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद मवेशी को पकड़ा गया और उसके मुंह से रस्सी खोली गई। इसके बाद गौसेवकों और ग्रामीणों ने मिलकर उसके घाव का इलाज किया।

समय पर देखभाल नहीं मिलने से बिगड़ी हालत



मवेशी के मुंह पर बने गहरे घाव और उसमें पड़े कीड़ों से उसकी तकलीफ का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस घटना ने बेजुबान पशुओं की देखभाल और उनके प्रति संवेदनशीलता की जरूरत को एक बार फिर सामने ला दिया है। पशुओं के मुंह या शरीर पर रस्सी बांधते समय सावधानी बरतना जरूरी है, ताकि रस्सी के दबाव से घाव न बने। पशु के घायल होने पर तत्काल उपचार कराया जाना चाहिए, जिससे उसकी तकलीफ बढ़ने से रोकी जा सके।

बारिश की कमी नहरो में पानी छोड़ने की किसानों की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने एसडीएम सहित तहसीलदार भवन का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों को देखा। ग्राम दिघावण, चिल्ली, सिलारी, डूंगरिया, सेहत अन्य ग्रामों के किसानों ने कलेक्टर रोहित सिसोनिया से भेंट की। बारिश कम होने के साथ धान की फसलों में पानी की भारी कमी से धान फसलों पर संकट बना हुआ है। फसले सूखने की स्थिति में पहुंच रही हैं वारना बांध की नहरो का पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है। किसानों ने बताया कि अनेक बार सिंचाई विभाग के अधिकारियों को आवेदन दिए कोई सुनवाई नहीं हो रही है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग से चर्चा कर समाधान का भरोसा दिया।

प्रमुख सड़कों से भ्रमण किया जाएगा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 101 वर्ष पूर्ण, आज निकालेंगे दो पथ संचलन

बरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में नागपुर महाराष्ट्र में हुई। संघ की स्थापना की 101 वर्ष पूर्ण होने पर नगर सहित संपूर्ण जिले के छोटे-बड़े प्रमुख स्थानों पर संघ की गणवेश धारी स्वयंसेवकों द्वारा घोष के साथ पथ संचलन निकाला जा रहे हैं। इसी श्रृंखला केअंतर्गत रविवार 25 अक्टूबर को नगर में दो विशाल पथ संचलन में सम्मिलित सैकड़ो स्वयंसेवकों द्वारा नगर की सभी प्रमुख सड़कों मोहल्लों में भ्रमण किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा दशहरा विजयादशमी स्थापना दिवस पर पद संचल निकाले जाने के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम भी किए जाते हैं स्थापना की 101 वर्ष पूर्ण होने से देश प्रेम राष्ट्रभक्ति राष्ट्र समाज सेवा की भावना से जोड़ने संघ के स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक संपर्क अभियान भी चलाया गया। दो पथ संचलन रविवार को नगर में दो स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण होगा। थाना मैदान एवं हॉकी मैदान में नगर एवं क्षेत्र के गणेश धारी स्वयंसेवकों के साथ संघ परिवार से जुड़े समर्थको की भारी उपस्थित रहने की संभावना है। पथ संचलन में सम्मिलित स्वयंसेवकों का स्वागत करने के प्रति संघ परिवारों व्यापारियों में भारी उत्साह बना हुआ है।

धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ यह पर्व अध्यात्म, प्रकृति और आरोग्य का संगम

शरद पूर्णिमा आज, 16 कलाओं से चमकेगा चंद्रमा, बरसेगा अमृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

इस वर्ष अश्विन शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा (कोजागरी व्रत) 25 अक्टूबर रविवार को श्रद्धा और भक्ति उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस पावन रात्रि को चंद्रमा अपनी संपूर्ण सोलह कलाओं से परिपूर्ण होकर संपूर्ण पृथ्वी पर अमृत रूपी किरणों की वर्षा करता है। धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ यह पर्व अध्यात्म, प्रकृति और आरोग्य का अद्भुत संगम है। पूर्णिमा तिथि 25 अक्टूबर रविवार को रात्रि 11.05 बजे से आरंभ होकर 26 अक्टूबर को प्रातः 9.57 बजे तक रहेगी। निशीथ व्यापिनी पूर्णिमा होने के कारण 25 अक्टूबर की रात्रि में ही जप, तप, जागरण और चंद्र-पूजन का विशेष महत्व रहेगा। पं. राममोहन चतुर्वेदी दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि धार्मिक शास्त्रानुसार शरद पूर्णिमा को मोह रात्रि और रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि इसी रात्रि भगवान श्री कृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ अलौकिक महारास रचाया था। इसके साथ ही इस दिन माता लक्ष्मी, भगवान श्री हरि विष्णु और तुलसी पूजन का विधान है। रात्रि के समय मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण कर यह देखती हैं कि कौन जाग रहा है, इसी कारण इसे कोजागरी पूर्णिमा (को जागर्ति-कौन जाग रहा है) कहा जाता है। जो भक्त इस रात जागकर मां लक्ष्मी की आराधना करते हैं। उनके घर में कभी दरिद्रता का वास नहीं होता।



ऐसे करें पूजन

शरद पूर्णिमा के दिन प्रातः स्नान कर उपवास रखें। सायंकाल चंद्रोदय के समय घी के दीपक जलाएं, मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजन करें और चांदनी में रखी खीर का भोग लगाकर रात्रि जागरण करें। ऐसा करने से जीवन में आरोग्य, धन-धान्य और सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

दमा और नेत्र रोगियों के लिए यह रात खास

वैज्ञानिक और आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से शरद पूर्णिमा की रात मौसम परिवर्तन और शीत ऋतु के आगमन का संकेत देती है। इस रात चांदनी में विशेष औषधीय गुण और जीवनदायिनी ऊर्जा होती है। इसी वजह से रात भर दूध-घी से बनी खीर को खुले आसमान के नीचे चांदनी में रखने की परंपरा है, जिसे अगले दिन प्रसाद रूपी औषधि के रूप में ग्रहण किया जाता है। यह खीर दमा रोगियों के लिए अत्यंत लाभकारी मानी गई है।